# सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एससी./बी.एससी.एम)

में

कोर पाठ्यक्रम

भौतिक भूगोल

1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक वैध

विज्ञान विज्ञापीठ

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी

नई दिल्ली–110068

(2025)

प्रिय विद्यार्थी,

आपके नामांकन के बाद हमने आपको स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं, सतत मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का **एक सत्रीय कार्य** हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें तीन भाग हैं, भाग ए, भाग बी और भाग सी। तीनों भागों के कुल अंक 100 हैं। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए आपको 35% अंक चाहिए।

**सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश**

सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी TMA उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार विवरण लिखें।

---

नामांकन संख्या : ...............................
नाम : ...............................
पता : ...............................
...............................

पाठ्यक्रम कोड : .................................
पाठ्यक्रम शीर्षक : .................................
सत्रीय कार्य कोड : .................................
अध्ययन केंद्र : ................................. दिनांक : ..........................

---

**कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गए प्रारूप का सही अनुसरण करें।**

2) अपने उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप कागज़ का इस्तेमाल करें, जो बहुत पतला न हो।
3) प्रत्येक कागज़ पर बायें, ऊपर और नीचे 4 cm जगह छोड़ें।
4) आपके उत्तर सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।
5) इस सत्रीय कार्य के भाग ए, भाग बी और भाग सी हल करें, और **भाग ए, भाग बी और भाग सी सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**
6) आपको अपनी सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका दिए गए समय के भीतर जमा करनी है। **वैध तिथि के बाद** सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नहीं ली जायेगी।
   **हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।**
7) यह सत्रीय कार्य **1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक वैध** है। यदि आप इस सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं हो पाते या इसे **31 दिसंबर, 2025** से पहले जमा नहीं कर पाते तो फिर आपको **2026** का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।
8) यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो **आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे**। किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : satyaraj@ignou.ac.in ।

हमारी शुभकामानाएं आपके साथ हैं।

# सत्रीय कार्य
# (अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)
# भौतिक भूगोल

पाठ्यक्रम कोड : **BGCCT-131**
सत्रीय कार्य कोड : **BGCCT -131/TMA/2025**
कुल अंक : 100

---

## भाग–ए

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं**

1. पृथ्वी के आंतरिक भाग की सभी तीन परतों का वर्णन एक चित्र की मदद से कीजिए।
2. पृथ्वी और सौरमंडल की उत्पत्ति की द्वैतवादी संकल्पना पर चर्चा करें।
3. वायुमंडल एवं पृथ्वी के ऊष्मा बजट को चित्र की सहायता से समझाइए।
4. स्वच्छ रेखाचित्रों की सहायता से ज्वार–भाटे की उत्पत्ति से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए।

## भाग–बी

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं**

5. बहिर्जनिक प्रक्रियाओं को परिभाषित कीजिए। समुद्री लहरों के कार्य से होने वाली प्रक्रियाओं और भू–आकृतियों पर चर्चा कीजिए।
6. उपयुक्त चित्र की सहायता से अटलांटिक महासागर की तलीय आकृतियों का वर्णन कीजिए।
7. उपयुक्त चित्र की सहायता से डेविस के अपरदन के चक्र के मॉडल पर चर्चा कीजिए।

## भाग–सी

**8) निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट्स लिखें। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं।**

क) केन्द्रीय या विस्फोटक उदगार वाले ज्वालामुखियों के किन्हीं पाँच प्रकारों पर चर्चा कीजिए।
ख) एक चित्र की सहायता से समस्तिथिकी पर एयरी और प्रैट के सिद्धांतों की तुलना करें।
ग) कोरिओलिस बल की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिए।
घ) मौसमी पवनों और स्थानीय पवनों के बीच अंतर स्पस्ट कीजिए।
ड़) जलचक्र की व्याख्या एक चित्र के साथ कीजिए।
च) समुद्री धाराओं को प्रभावित करने वाले कारकों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।